**आकाशवाणी शिमला**

**15.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **भारतीय सेना ने ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा व आभार के लिए नागरिकों का किया धन्यवाद।**
- **कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा– प्रदेश में नशा तस्करों की अवैध संपत्ति को ज़ब्त करने की प्रक्रिया जारी।**
- **उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित।**
- **विधानसभा की कल्याण समिति ने कुल्लू में की योजनाओं की समीक्षा– योजनाओं के क्रियान्वयन पर जताया संतोष।**

**भारतीय सेना**

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए नागरिकों का धन्यवाद किया है। सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उसे नागरिकों की ओर से हृदय को छूने वाले प्रशंसा भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में नागरिकों ने अपना गर्व, जीवंतता और देशभक्ति की भावना उडेल दी है। इससे सेना निरंतर प्रेरणा लेती है। सेना ने आश्वासन दिया है कि वह हमेशा राष्ट्र के लिए समर्पण के साथ सेवा के लिए तैयार है।

**कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार नशा उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िले में इंदौरा के भदरोआ में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी गई है और सरकार हर स्तर पर पुलिस का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट और सख्त निर्देश हैं कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए सरकार विभिन्न स्तरों पर अभियान चला रही है और भविष्य में इस दिशा में और तेज़ी लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने नशे के विरूद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसके तहत नशा तस्करों व उनके सहयोगियों की अवैध संपत्ति को ज़ब्त करने की प्रक्रिया भी जारी है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि मेलों व उत्सवों से पारम्परिक गतिविधियां बढ़ती हैं जिससे क्षेत्र की आर्थिकी सुदृढ़ होती है। सोलन ज़िले के देहूंघाट में आज एक मेले के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ–साथ युवाओं को एकजुट होकर कार्य करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। शांडिल ने जनसमस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को इनके जल्द समाधान के निर्देश दिए।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह में आज मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले हरोली क्षेत्र के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आज का ये दिन हरोली के बच्चों के नाम है जिन्होंने कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन से क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 2 हज़ार करोड़ रूपए की लागत वाले बल्क ड्रग पार्क का कार्य योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजना क्षेत्र में विकास का एक नया अध्याय लिखेगी।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शिमला ज़िले में कसुम्पटी क्षेत्र के जनेड़घाट में आज एक मेले में उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न सड़कों को पक्का करने सहित संपर्क मार्गों के निर्माण का आश्वासन दिया ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र के कठासू में करोड़ों रूपए की परियोजनाओं के उद्घाटन किए। इनमें दो करोड़ 95 लाख की लागत से बनी खोड़नी नाला पेजलय योजना का लोकार्पण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने से वर्षों से चली आ रही जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में अधूरे पड़े विभिन्न विकास कार्यों को भी गति प्रदान की जा रही है।

**समिति**

प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति इन दिनों विभिन्न ज़िलों के दौरे पर है। समिति ने आज कुल्लू में बैठक कर समाज के कमज़ोर वर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। समिति के सभापति मोहन लाल ब्राक्टा ने कमज़ोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को समिति द्वारा दिए गए अहम सुझावों को जल्द लागू करने को कहा है। समिति ने कुल्लू ज़िला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि ज़िले में योजनाओं का संतोषजनक क्रियान्वयन हुआ है।

**अनावरण**

शिमला के रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण 15 जुलाई को किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री व वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहले ये कार्यक्रम 23 जून को निर्धारित किया गया था लेकिन शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के बाद इसमें बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह फाउंडेशन गरीबों और वंचितों के लिए कार्य करेगी।

**दिवस**

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भी आज यह दिन मना रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोल–फ्री ''**एल्डर लाइन**'' हेल्पलाइन नंबर– एक, चार, पांच, छः, सात जारी किया गया है।

**मांग**

चम्बा ज़िले की पांगी घाटी में शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने कहा है कि शौर और पुर्थी पंचायतों में वी–सैट न होने के कारण मनरेगा कार्यों में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के कारण दोनों पंचायतों की जनता को मनरेगा में रोज़गार न मिलने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पांगी प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान का आग्रह किया है।

**उत्कर्ष अभियान**

उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा ज़िले के नरवाणा खास में आज ज़िलास्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। इस दौरान कांगड़ा की ए.डी.एम. शिल्पी वेक्टा ने कहा कि उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा ज़िले के 6 खण्डों की 16 पंचायतों के 19 जनजातीय गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों में सभी सरकारी योजनाओं के शत–प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

**आनी दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू 17 और 18 जून को कुल्लू ज़िले के आनी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे क्षेत्र में करीब 63 करोड़ रूपए की सड़क व पेयजल योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का 17 जून को आनी के बागा सराहन में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शामिल होने का कार्यक्रम है। इस दौरान मुख्यमंत्री बागा सराहन में विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनियों का अवलोकन और स्वास्थ्य शिविरों का शुभारम्भ भी करेंगे।

**पर्यटक सीजन**

मैदानी राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक हिमाचल की तरफ पहुंच रहे हैं। शिमला में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं जिससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ गई है। शोघी बैरियर से बीते सात दिनों में ही दो लाख 25 हजार से ज्यादा गाड़ियों की आवाजाही हुई है, जिससे सड़कें जाम हो गई हैं। शिमला डी.एस.पी. ट्रैफिक संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक की समस्या को कम करने के लिए दो अतिरिक्त ट्रैफिक टुकड़ियों को तैनात किया है, पुलिस प्रशासन ने लोगों से भी सहयोग करने की अपील की है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **भारतीय सेना ने ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा व आभार के लिए नागरिकों का किया धन्यवाद।**
- **कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा– प्रदेश में नशा तस्करों की अवैध संपत्ति को ज़ब्त करने की प्रक्रिया जारी।**
- **उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित।**
- **विधानसभा की कल्याण समिति ने कुल्लू में की योजनाओं की समीक्षा– योजनाओं के क्रियान्वयन पर जताया संतोष।**